बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना –800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–15/2026, चतुर्थ चरण के विद्यालय अध्यापक भर्ती परीक्षा (TRE-4.0) के तहत शिक्षा विभाग, बिहार के अन्तर्गत विद्यालय अध्यापक के कुल–32,388 (बत्तीस हजार तीन सौ अठासी) रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु (पूर्व में दिनांक–18.08.2026 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–14/2026 को रद्द करते हुए) सुयोग्य भारतीय उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

2. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित हैं:–

(i)	भुगतान प्रारम्भ करने की तिथि	25.09.2026
(ii)	भुगतान की अंतिम तिथि	25.10.2026
(iii)	ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	25.09.2026
(iv)	ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	26.10.2026

3. उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित है।
4. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।